RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 08 अक्टूबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 165 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मेट्रो परियोजना की मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री शिंदे ने केंद्र सरकार से किया अनुरोध

ठाणे : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे शहर में प्रस्तावित रिंग मेट्रो परियोजना के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी देने का अनुरोध किया है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शिंदे ने शुक्रवार को दिल्ली यात्रा के दौरान केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की और प्रस्तावित परियोजना के लिए मंजूरी मांगी।



यह परियोजना केंद्र के पास लंबित है। जिला प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 29 किलोमीटर लंबी ठाणे रिंग मेट्रो परियोजना का प्रस्ताव तैयार किया गया और इसे मंजूरी के लिए केंद्र के पास भेजा गया। विज्ञप्ति के अनुसार, मार्ग में 22 स्टेशन होंगे। ठाणे रिंग मेट्रो का 26 किलोमीटर हिस्सा ऊंचाई पर होगा और शेष तीन किलोमीटर का हिस्सा भूमिगत होगा। इसमें कहा गया कि भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में से एक को ठाणे रेलवे स्टेशन से जोड़ा जाएगा और अन्य स्टेशन को मेट्रो कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा।

## महाराष्ट्र में जरूरतमंदों के इलाज के लिए धन की कोई कमी नहीं: फडणवीस

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत करने के लिए काफी धनराशि का आवंटन किया है तथा जरूरतमंदों के इलाज के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। फडणवीस ने कहा कि इस साल के बजट में सरकार ने राज्य के हर जिले में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय की



स्थापना की घोषणा की है तथा 14 जिलों में ये संस्थान स्थापित किये जा रहे हैं एवं अन्य जिलों में ऐसे संस्थानों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने यहां एक सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। इस अवसर पर राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल एवं अधिकारी भी मौजूद थे। फडणवीस ने कहा कि अकोला में पूर्ण क्षमता वाला एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शीघ्र ही चालू होगा।

## महाराष्ट्र सरकार एक साल के लिए महिला सशक्तीकरण अभियान शुरू करेगी

मुंबई : महाराष्ट्र सरकार एक वर्ष तक महिला सशक्तीकरण अभियान चलायेगी जिसके तहत अपने कारोबार का विस्तार करने की इच्छुक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा उन्हें संबंधित संपर्क उपलब्ध कराए जाएंगे। शुक्रवार को जारी एक सरकार प्रस्ताव में बताया गया है कि दो अक्टूबर, 2023 से एक अक्टूबर, 2024 तक 'मुख्यमंत्री सशक्तीकरण अभियान' चलाया



जायेगा। राज्य सरकार ने 20 सितंबर को इस पहल को अमली-जामा पहनाने की घोषणा की थी लेकिन 24 घंटे के अंदर ही इस अभियान को स्थगित कर दिया गया। पिछले महीने संसद में लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाले महिला आरक्षण विधेयक को पारित किये जाने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस पहल की चर्चा की थी।

## बेलापुर में साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ नवी मुंबई पुलिस की साइकिल रैली...



नवी मुंबईः लोगों को साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से बचाने के लिए नवी मुंबई पुलिस ने अपना जागरूकता अभियान जारी रखा है। इसके तहत पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे के मार्गदर्शन में बेलापुर में साइकिल रैली निकाली गई. नवी मुंबई के लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया था। इस रैली में सीबीडी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक और पुलिस अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए. साइकिल रैली बेलापुर के सेक्टर 15 में डेकाथलॉन से शुरू हुई और सीबीडी पुलिस स्टेशन पर समाप्त हुई।

रैली में साइबर धोखाधड़ी से बचने के प्ले कार्ड और बैनर प्रदर्शित किये गये। यदि कोई साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है, तो घबराएं नहीं और 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं। शुक्रवार को नवी मुंबई पुलिस ने साइबर वॉरियर्स नाम से एक जागरूकता अभियान शुरू किया, जिसमें वाशी में 1000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

## महाराष्ट्र में दो किशोरियों के यौन उत्पीड़न के आरोप में टैक्सी चालक गिरफ्तार



ठाणे : महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने दो किशोरियों का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी 39 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी संदीप सोनावणे ऑटोरिक्शा चालक है, लेकिन शुक्रवार दोपहर करीब सवा 12 बजे जब उसने कथित तौर पर अपराध को अंजाम दिया तब वह अपने एक दोस्त की टैक्सी चला रहा था। अधिकारी ने बताया कि जब टैक्सी बोनकोडे इलाके की ओर जाने वाली सड़क पर थी तब सोनावणे ने 14 और 15 साल की किशोरियों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। अधिकारी ने बताया कि लड़कियों की चीखें सुनने के बाद स्थानीय लोग मदद के लिए पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया।

## 'चाचा' के नक्शेकदम पर 'भतीजा',

### अजित पवार कृषि क्षेत्रों और नासिक के साथ डिंडोरी-कलवन का करेंगे दौरा

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र में आगामी चुनावों (विधानसभा चुनाव) की पृष्ठभूमि में राजनीतिक नेताओं के दौरे लगातार जारी हैं. इस बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार नासिक के एक दिवसीय दौरे पर आए हैं. इस दौरे में उनका नासिक के ग्रामीण इलाकों पर खास ध्यान रहेगा. उपमुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद अजित पवार एक बार 'शासन आपल्या दारी' नामक सरकारी कार्यक्रम के लिए नासिक आये थे. इसके बाद आज वह शरद पवार के नक्शेकदम पर चलते हुए कृषि क्षेत्र का दौरा करेंगे.



**बीजेपी नेता ने भी किया था दौरा**

पिछले कुछ दिनों से नासिक शहर सहित जिले में राजनीतिक नेताओं की संख्या में वृद्धि हुई है. कुछ दिन पहले बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले नासिक के दौरे पर आए थे. आगामी चुनाव को देखते हुए नेता पार्टी निर्माण यात्राएं कर रहे हैं. वहीं, उपमुख्यमंत्री अजित पवार आज नासिक जिले के दौरे पर हैं. ऐसा लगता है कि इनका फोकस खासतौर पर ग्रामीण इलाकों पर है. उपमुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद अजित पवार एक बार सरकारी कार्यक्रम 'शासन आपल्या दारी' के लिए नासिक आए थे, लेकिन पार्टी के कामकाज के लिहाज से यह उनका पहला दौरा माना जा रहा है. जिले के सभी विधायक और अधिकतर पदाधिकारी अजित गुट में शामिल हो गये हैं. पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए 'दादा' ने मोर्चा बनाना शुरू कर दिया है. उसी पृष्ठभूमि में वे आज नासिक आ रहे हैं. अजित पवार आज ओजर हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे. इस स्थान पर नरहरि जिरवाल स्वागत करेंगे. इसके बाद वे सरकारी वाहन से डिंडोरी शहर जाएंगे. अजित पवार अवानखेड में भक्त निवास का उद्घाटन करेंगे. इसके बाद नंदूरी लखमापुर फाटा, वाणी चौफुली होते हुए कलवान के लिए प्रस्थान करेंगे. कलवान शहर पहुंचने के बाद 11:30 बजे किसान आभार सभा का आयोजन किया गया है. वह यहां मौजूद किसानों को संबोधित करेंगे. इस कार्यक्रम के बाद वे एनसीपी के विभिन्न पदाधिकारियों के घर जाएंगे. उसके बाद दोपहर 3 बजे डिंडोरी तालुका के स'ाद्रि एग्रो फार्म हाउस पर संवाद करेंगे. अजित पवार एनसीपी भवन कार्यालय में कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे.




## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

## रुख में नरमी काफी नहीं

कनाडा के साथ रिश्तों में आई दरार के बीच भारत दोनों तरफ राजनयिकों की मौजूदगी में समानता सुनिश्चित करने को लेकर अपने रुख पर अड़ा है। दोनों के बीच तकरार का यह मुद्दा इस लिहाज से दिलचस्प कहा जा सकता है कि भारत इस पर खुलकर सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रख रहा है जबकि कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो कह रहे हैं कि वह कूटनीतिक चैनलों के जरिए ही संवाद करना चाहेंगे क्योंकि कूटनीति अपने प्राइवेट रूप में ज्यादा प्रभावी होती है। उनकी इस बात से कोई असहमति नहीं हो सकती, लेकिन यह बात हैरान जरूर करती है कि इस सचाई का अहसास उन्हें इतनी देर से हुआ। वरना अपने देश में हुई एक हत्या का इल्जाम खुले रूप में भारत के मत्थे मढ़कर वह दोनों देशों के रिश्तों को यूं खतरे में नहीं डालते। वह भी तब, जबकि इस इल्जाम को सही साबित करने वाले सबूत भी हाथ में न हों। हो सकता है उन्हें ऐसा लगा हो कि अगर वह ऐसा करेंगे तो उससे ज्यादा दबाव बनेगा और फिर भारत को झुकाना संभव हो जाएगा। मगर पिछले करीब एक पखवाड़े के अनुभव ने साबित कर दिया कि यह उनकी गलतफहमी थी। इस दौरान वह न तो अपने दावे के पक्ष में कोई ठोस सबूत दे सके और न ही अन्य देशों को भारत के खिलाफ अपनी तरफ गोलबंद कर सके। उनके रुख में बदलाव के पीछे इस ठोस हकीकत की भूमिका हो सकती है। लेकिन इसके आगे की सचाई यह है कि भारत लगातार कनाडा पर खालिस्तानी तत्वों को खुली छूट देने का जो आरोप लगाता रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। न तो खालिस्तानी तत्वों ने कनाडा में अपनी सक्रियता घटाई है और न ही कनाडा सरकार उन पर किसी तरह की सख्ती करती नजर आ रही है। भारतीय राजनयिकों के खिलाफ जो पोस्टर हटा लिए गए थे, वे फिर से गुरुद्वारों में लगा दिए गए हैं। इस बीच ये खबरें भी फैलाई जा रही हैं कि कनाडाई इंटेलिजेंस एजेंसी ने ब्रिटिश कोलंबिया के सिखों को सतर्क रहने को कहा है क्योंकि कथित भारतीय एजेंट कुछ खालिस्तानियों को मारने के प्रयास में हैं। इस संबंध में महत्वपूर्ण बात यह है कि कनाडा सरकार की तरफ से इन खबरों का खंडन भी नहीं किया जा रहा। यही नहीं, खालिस्तान समर्थक ग्रुप्स वेंकुवर में इंडियन कॉन्सुलेट के सामने अगले 21 अक्टूबर को 'किल इंडिया' कार रैली करने की तैयारी कर रहे हैं जिसका मकसद 28 अक्टूबर को होने वाले कथित जनमतसंग्रह के लिए फंड जुटाना बताया जा रहा है। जाहिर है, कनाडा के पीएम ट्रूडो को समझना होगा कि दोनों देशों के रिश्ते इस तरह के माहौल में नहीं फल-फूल सकते। कूटनीति की कामयाबी के लिए प्राइवेसी के साथ ही आपसी विश्वास और पारस्परिक हितों के प्रति सम्मान का भाव होना भी जरूरी है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# प्रतापगढ़ भाजपा नेता कुंदन सिंह का भिवंडी में सत्कार।

## महाराष्ट्र के विकास में उत्तर प्रदेश वासियों का अहम योगदान - कुंदन सिंह

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** प्रतापगढ़ जिले के भाजपा नेता स्वपोषित महाविद्यालय उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कुंदन सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र प्रदेश के विकास में उत्तर भारतीयों का अहम योगदान है जिसे कभी बुलाया नहीं जा सकता है उन्होंने आगे कहा कि हम सभी को जाति-पात धर्म के भेदभाव को छोड़कर देश के विकास में अपनी हिस्सेदारी तय करना चाहिए शिक्षा पर हमें विशेष फोकस करना होगा जिससे आने वाली पीढ़ी शिक्षित होकर हर क्षेत्र में विकास करें तभी देश का समग्र विकास संभव है। भिवंडी के उत्सव



गार्डन होटल में आयोजित उक्त कार्यक्रम में भिवंडी भाजपा जिला महासचिव एड प्रवीण मिश्रा , भाजपा उ भा विभाग के पूर्व अध्यक्ष मनोज सिंह, उद्योग पति अनिल सिंह, उद्योग पति व पूर्व नगरसेवक बबलू भाई अंसारी भाजपा जिला प्रसिद्ध प्रमुख पीडी यादव, सुनील सिंह ,राम नारायण सोनी, जियालाल गुप्ता, मुकेश चौबे ,आनंद मिश्रा ,सुजीत गुप्ता, कृष्ण हलवाई ,बृजेश पांडे , बीजेपी उद्योग विभाग जिला अध्यक्ष उदय राज सिंह , यादव समाज भिवंडी अध्यक्ष डॉ एन एल यादव , अनिल केसरवानी, समाजसेवी विनोद त्रिपाठी, पत्रकार जितेंद्र तिवारी , महेंद्र सरोज गुड्डू, शारीफ अंसारी,सुजीत सिंह ,परशुराम पाल , पूर्व प्रधानाचार्य त्रिभुवन चौरसिया, भाजपा युवा नेता सोनू तिवारी सहित उपस्थित लोगों ने प्रतापगढ़ से मुंबई निजी कार्यक्रम में पधारे भाजपा नेता कुंदन सिंह का शाल व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## महावितरण ने फिर दिया बिजली ग्राहकों को झटका!

### सितंबर माह से ईंधन शुल्क लागू...

torrent POWER

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी:** विजली ग्राहकों को सितंबर माह के बिजली बिल में बढ़ोतरी का झटका लगने वाला है। महावितरण ने सितंबर माह के बिल में उपभोक्ताओं पर ईंधन समायोजन शुल्क लागू किया है, जिसके कारण प्रति यूनिट 15 पैसे से लेकर 98 पैसे बढ़ जाएगा। महावितरण ने 30 सितंबर-23 को परिपत्र संख्या 310 जारी किया है, जिसमें सितंबर के बिलिंग महीने के लिए महाराष्ट्र भर के महावितरण के उपभोक्ताओं पर ईंधन समायोजन शुल्क लगाने का निर्देश है। वर्तमान प्रति यूनिट दर के अलावा उपभोक्ताओं को उनके बिल में ईंधन समायोजन शुल्क अतिरिक्त रूप से लागू होगा। आवासीय श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए अतिरिक्त चार्ज स्लैबवाइज 15 पैसे प्रति यूनिट से लेकर 35 पैसे प्रति यूनिट तक है, जबकि 27 एचपी तक के पावरलूम उपभोक्ताओं के लिए यह वृद्धि 73 पैसे प्रति यूनिट है.

27 एचपी से अधिक के पावरलूम उपभोक्ताओं के लिए यह वृद्धि 98 पैसे प्रति यूनिट है। महावितरण परिपत्र के अनुसार, ईंधन समायोजन शुल्क सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं पर लागू है। इस संदर्भ में भिवंडी की बिजली ठेकेदार टोरंट पावर ने बताया है कि सभी उपभोक्ताओं को इस अतिरिक्त शुल्क के बारे में उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा। साथ ही, उपभोक्ता के बिल पर इसके बारे में जानकारी प्रदान दी गई है.

## नाला सफाई कामगारों की रकम खा गया सहायक आयुक्त

### सहायक आयुक्त सोमनाथ सोष्टे के वेतन से वसूल करेगी मनपा

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी मनपा के प्रभाग समिति 5 के तत्कालीन सहायक आयुक्त सोमनाथ सोष्टे के गडबड कारोबार के विरोध में राष्ट्रीय मानव हक्क मंच के अध्यक्ष शरद धुमाल ने मुख्यमंत्री को लिखित ज्ञापन दिया है जिसमें उल्लेख किया है कि सोष्टे ने 2019 से 2023 तक नाला व गटर सफाई के लिये लेखा विभाग से सफाई कामगारों के लिए लिये गये 3266346/ रुपये की अग्रिम रकम लेकर अपने खुद के उपयोग में कर लिया जिसका लेखा जोखा मनपा के ल[illegible]खा विभाग को नहीं दिया था । धुमाल ने उक्त संदर्भ में पूर्व के मनपा आयुक्त से किया था लेकिन कोई मनपा आयुक्त ने कोई कार्यवाई नही




किये थे ।जिसके बाद शरद धुमाल ने मुख्यमंत्री के पास शिकायत पहुंचाई , मुख्यमंत्री के पास शिकायत जाने के बाद मुख्यमंत्री के आदेश पर भिवंडी मनपा के वर्तमान आयुक्त अजय वैद्य ने उक्त रकम को प्रभाग समिति 3 में सहायक आयुक्त के पद पर कार्यरत सोमनाथ सोष्टे की तनख्वाह से वसूल करने का लिखित आश्वासन शरद धुमाल को दिया है ।

## उत्तर भारतीय सामाजिक प्रतिष्ठान की ओर से चेंबूर में जितिया माता पूजा संपन्न

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** चेंबूर तीन तालाब के पास उत्तर भारतीय सामाजिक प्रतिष्ठान की और से बच्चों की लंबी उम्र की कामना हेतु उत्तर भारतीय महिलाओं ने कल जितिया माता का वृत्त रखकर बच्चों की सवकुशल लंबी उम्र की कामना माता जितिया से व्रत रखकर मांगा ।गौरतलब हो की इस अवसर पर पूर्व भाजपा




नगरसेविका को भी उत्तर भारतीय समाज ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर निमंत्रित किया था ।जिसको लेकर पूर्व नगरसेविका ने कहा की उत्तर भारतीय समाज चेंबूर के तीन तालाब में हर वर्ष जितिया माता का व्रत रखकर पूजा अर्चना की जाती रही है । चेंबुर का उत्तर भारतीय समाज राज्य भर में भाजपा गठबंधन सरकार सत्ता में आई है तब से सभी धर्मो के तीज त्यवहार बड़े ही हर्ष उल्लाहास से मानने में लगे है ।पूर्व की उद्धव सरकार द्वारा कोरोना कोविड का हवाला देकर हिंदुओ समेत सभी धर्मो पर प्रतिबंध लगा दिया था ।

# 9 अक्टूबर को नवी मुंबई में 12 घंटे की जलापूर्ति बंद!



**मुंबई :** 9 अक्टूबर की शाम को खारघर और कामोठे सहित नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नहीं होगी। एनएमएमसी द्वारा घोषित एमएसईडीसीएल द्वारा विद्युत आपूर्ति कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिए यह 12 घंटे का शटडाउन आवश्यक है। एनएमएमसी के जल आपूर्ति विभाग के अनुसार, भोकरपाड़ा जल उपचार संयंत्र में शटडाउन होगा। नतीजतन, बेलापुर, नेरुल, तुर्भे, वाशी, कोपरखैरणे, घनसोली और ऐरोली वार्डों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी।

**मंगलवार की सुबह जलापूर्ति शुरू हो जायेगी**

इस बंद का असर कामोठे और खारघर नोड्स सहित सिडको-प्रशासित क्षेत्रों तक भी बढ़ेगा। निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे इस अवधि के दौरान पानी का भंडारण करें और इसका कम से कम उपयोग करें।

इसके अलावा, महाराष्ट्र जल प्राधिकरण (एमजेपी) ने विभिन्न रखरखाव कार्यों के लिए 9 अक्टूबर (सोमवार) को सुबह 9 बजे से 10 अक्टूबर (मंगलवार) तक शटडाउन निर्धारित किया है। परिणामस्वरूप, इस अवधि के दौरान कलंबोली, न्यू पनवेल, करंजडे और कलुंद्रे नोड्स में पानी की आपूर्ति नहीं होगी। मंगलवार, 10 अक्टूबर की सुबह नवी मुंबई के सभी नोड्स में पानी की आपूर्ति फिर से शुरू होने की उम्मीद है, भले ही कम दबाव के साथ। एनएमएमसी और सिडको दोनों ने निवासियों से इस अवधि के दौरान पानी का भंडारण करने और इसका विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील जारी की है।

# नरेश गोयल की गिरफ्तारी कानून के मुताबिक, हिरासत की जरूरत है क्योंकि वह सहयोग नहीं कर रहे थे: ईडी ने बॉम्बे हाई कोर्ट से कहा

**मुंबई :** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को कानून की उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद गिरफ्तार किया गया था क्योंकि वह सहयोग नहीं कर रहे थे और टालमटोल कर रहे थे, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनकी गिरफ्तारी को ''कानूनी'' बताते हुए दावा किया। एजेंसी ने यह भी दावा किया कि गोयल की याचिका ''झूठी, तुच्छ, परेशान करने वाली, कानून की दृष्टि से खराब और एक गुप्त उद्देश्य से दायर की गई'' थी, जिसका उद्देश्य केवल कानूनी हिरासत से बचना था। ईडी ने गोयल द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण (व्यक्ति को अदालत में पेश करें) याचिका का जवाब देते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट के समक्ष एक विस्तृत हलफनामा दायर किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनकी गिरफ्तारी अवैध थी क्योंकि यह धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों का पालन किए बिना की गई थी। पीएमएलए)। गोयल ने विशेष पीएमएलए अदालत के आदेशों को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें पहले ईडी की हिरासत और फिर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। ईडी के हलफनामे में कहा गया है, ''याचिकाकर्ता (गोयल) अपने



बयानों और आचरण में अत्यधिक असहयोगी, अड़ियल, टालमटोल करने वाला और संदिग्ध था और इसलिए, जांच को आगे बढ़ाने और अपराध की आय का पता लगाने के लिए गिरफ्तारी की गई।'' गोयल को ''मास्टरमाइंड'' और ''मुख्य आरोपी'' कहते हुए, ईडी ने कहा है कि उन्होंने लेनदेन किया और अपराध की आय को चैनलाइज करने के लिए शेल कंपनियों को शामिल किया। जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड के खातों के पैसे का इस्तेमाल गोयल और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत खर्चों के लिए किया गया था। ईडी ने दावा किया है कि जेट एयरवेज के प्रमोटर और चेयरमैन के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, गोयल ने विभिन्न बैंकों से कई ऋण लिए थे, जो वर्षों से बकाया थे। ईडी के हलफनामे में कहा गया है: ''गोयल ने अपने सहयोगियों के साथ, विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से, 538 करोड़ रुपये की अपराध आय को डायवर्ट और हेर-फेर किया था। अपराध से प्राप्त आय का उपयोग उनके निजी खर्चों जैसे कर्मचारियों के वेतन, फोन खर्च और वाहन खर्च के लिए भी किया जाता था, जिसका भुगतान कंपनी द्वारा किया जाता था।

जांच एजेंसी ने आगे आरोप लगाया है कि गोयल ने अपराध की आय को जर्सी और ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (बीवीआई) जैसे टैक्स हेवन देशों में उनके द्वारा बनाई गई विभिन्न कंपनियों और ट्रस्टों को भेज दिया था। एजेंसी ने दावा किया कि उसने गोयल को कई बार समन जारी किया था लेकिन वह उनसे बच रहे थे, जिससे जांच की गति धीमी हो गई। ईडी ने दावा किया कि जांच के उद्देश्य से और अपराध की आय का पता लगाने के लिए उसकी हिरासत आवश्यक थी, और इसलिए उसे पीएमएलए के तहत अनिवार्य सभी प्रक्रियाओं का पालन करने के बाद गिरफ्तार किया गया था। जेट एयरवेज के संस्थापक प्रभावशाली, बुद्धिमान और साधन संपन्न हैं और रिहा होने पर सबूतों के साथ छेड़छाड़ करेंगे। ईडी ने गोयल के उन दावों का भी खंडन किया कि उन्हें दिल्ली में एजेंसी के अधिकारियों ने हिरासत में लिया और फिर मुंबई लाया गया। शुक्रवार को उस सुनवाई के दौरान, ईडी ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इसकी पुष्टि गोयल या परिवार के किसी सदस्य ने नहीं की है। गोयल के वकील अमित देसाई ने पुष्टिकरण को शामिल करने के लिए याचिका में संशोधन करने के लिए अदालत से अनुमति मांगी। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई 12 अक्टूबर को रखी थी. गोयल फिलहाल केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में यहां आर्थर रोड जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्हें ईडी ने 1 सितंबर को गिरफ्तार किया था.

# महादेव सट्टेबाजी ऐप मामला: ईडी ने अंधेरी में बॉलीवुड प्रोडक्शन हाउस के परिसर और मुंबई में 5 स्थानों पर छापेमारी की





**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में एक बॉलीवुड प्रोडक्शन हाउस पर छापेमारी की। ईडी ने यह छापेमारी कुरैशी प्रोडक्शन हाउस और उसके निदेशक मंडल के परिसरों पर की। ये छापेमारी अंधेरी और मुंबई के पांच अन्य स्थानों पर की गई। कुरेशी प्रोडक्शंस को फिल्म निर्माण के लिए महादेव ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल से वित्तीय सहायता मिली। वसीम और तबस्सुम के नेतृत्व वाला कुरैशी प्रोडक्शंस जांच के दायरे में है। वसीम कुरेशी से वर्तमान में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूछताछ की जा रही है, और वे उसके यात्रा विवरण और वित्त की पुष्टि कर रहे हैं। पिछले साल, प्रोडक्शन हाउस ने प्रमुख बॉलीवुड हस्तियों के साथ शिवाजी महाराज पर एक आवधिक फिल्म की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि महेश मांजरेकर फिल्म का निर्देशन करेंगे और प्री-प्रोडक्शन चल रहा है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने हाल ही में एक नया संगीत लेबल लॉन्च किया है, जो नए गायकों, संगीतकारों, गीतकारों और अभिनेताओं को अवसर प्रदान करता है। कुरेशी प्रोडक्शन के कई न्यूकमर्स वीडियो सॉन्ग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हैं। कुरैशी प्रोडक्शंस ने रियलिटी शो ''मिस्टर एंड मिस 7 स्टेट्स'' का पहला सीजन सफलतापूर्वक पूरा किया, जो एमएक्स प्लेयर पर प्रसारित हुआ। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, इस उद्यम के लिए धन का संदिग्ध स्रोत कथित तौर पर महादेव के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल से जुड़ा है।

# छत्तीसगढ़ की खूंखार महिला नक्सली ने महाराष्ट्र पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया

**छत्तीसगढ़/ गढ़चिरौली :** 11 लाख की इनामी मोस्ट-वांटेड कट्टर महिला माओवादी को शनिवार को महाराष्ट्र पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने कहा, आरोपी की पहचान छत्तीसगढ़ के बीजापुर की 28 वर्षीय रजनी उर्फ कलावती एस. वेलादी के रूप में हुई है। महज 14 साल की उम्र में, रजनी 2009 में लाल आतंकवादी समूहों में शामिल हो गई थी और 2013 तक ओरछा एलओएस में स्थानांतरित होने से पहले उसने फरसेगढ़ एलओएस के साथ एक साल तक काम किया था।

संगठन में एसीएम के रूप में 'पदोन्नति' पाने के बाद, उसने नेशनल पार्क एरिया डॉक्टर टीम में काम किया। नीलोत्पल ने कहा, दो साल और फिर 2015 में उसे सैंड्रा एलओएस सौंपा गया, जहां उसने महाराष्ट्र पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने तक छत्तीसगढ़




में काम किया। पुलिस के अनुसार, रजनी गुडम (2015) में सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में शामिल था। बेज्जी के पास 2017 में हुए मुठभेड़ में 12 जवान शहीद हो गए। 2018-2019 में पुलिस के साथ दो और मुठभेड़ मारेवाड़ा और बोरमज्जी में हुआ।

रजनी पर एक सरकारी बस जलाने (2018), और एक हत्या (2020), आगजनी और छत्तीसगढ़ राज्य में अन्य अपराधों का भी आरोप है, और उसके सिर पर कुल 11 लाख रुपये का इनाम था, जिसमें महाराष्ट्र द्वारा 6 लाख एवं छत्तीसगढ़ द्वारा 5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। एसपी नीलोत्पल ने कहा कि रजनी ने आत्मसमर्पण करने के अपने फैसले के लिए विभिन्न कारणों का हवाला दिया है, जिसमें वरिष्ठ माओवादी नेताओं द्वारा गरीब आदिवासियों का शोषण, महिलाओं के खिलाफ भेदभाव, जबरन वसूली, विवाहित कैडरों के लिए कोई स्वतंत्र जीवन नहीं आदि। नीलोत्पल ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार की पुनर्वास नीति के अनुसार, रजनी 4.50 लाख रुपये के मुआवजे और सामाजिक और लोकतांत्रिक मुख्यधारा में फिर से शामिल होने के लिए अन्य लाभों की हकदार होंगी।.



# उल्वे ड्रग छापे के दौरान पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद नाइजीरियाई नागरिक नाटकीय रूप से भाग निकला... वीडियो वायरल





**नवी मुंबई:** इंटरनेट पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक आरोपी को पुलिस हिरासत से नाटकीय ढंग से भागते हुए दिखाया गया है। इस व्यक्ति की पहचान नाइजीरियाई नागरिक के रूप में की गई, जिसे नवी मुंबई पुलिस ने ड्रग छापे के दौरान पकड़ा था। यह छापेमारी उल्वे के सेक्टर 24 इलाके में उभरते ड्रग माफिया पर कार्रवाई के तौर पर की गई थी।

**वीडियो में नाटकीय पलायन दिखाया गया है**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर साझा किए गए वायरल वीडियो में एक पुलिसकर्मी द्वारा आरोपी को पकड़े हुए देखा जा सकता है। जैसे ही वे पुलिस वैन की ओर चलना शुरू करते हैं, आरोपी किसी तरह पुलिस की पकड़ से छूट जाता है और पुलिस से दूर भागने लगता है। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी बिना समय बर्बाद किए आरोपियों का पीछा करना शुरू कर देते हैं, हालांकि उनमें से एक आरोपी जमीन पर गिर जाता है। अन्य लोगों को पड़ोस में भाग रहे आरोपी को पकड़ने के लिए अलग-अलग दिशाओं में रास्ता बनाते देखा जा सकता है। हालाँकि, इस बारे में कोई रिपोर्ट नहीं है कि पुलिस ने आरोपियों को सफलतापूर्वक पकड़ लिया या नहीं।

यह घटना हाल ही में एक अन्य ड्रग छापे में एक नाइजीरियाई नागरिक की गिरफ्तारी के बाद हुई है। खारघर पुलिस ने सितंबर में एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया और 6 लाख रुपये की मेथक्वालोन दवा (एमडी) जब्त की। वह खारघर के सेक्टर 13 में दवा बेचने आया था। गिरफ्तार नाइजीरियाई की पहचान चुक्वुएबुका एबेल उदेह के रूप में हुई और पुलिस ने 60 ग्राम मेथक्वालोन दवा जब्त की।

**पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया**

प्राप्त जानकारी के आधार पर, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजीव शेजवाल के नेतृत्व में एक टीम ने जाल बिछाया और उसे प्रतिबंधित पदार्थ के साथ पकड़ लिया। ''पुलिस को देखकर उसने भागने की कोशिश की। हालाँकि, उसे पकड़ लिया गया और जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से 60 ग्राम मेथाक्वालोन दवा बरामद हुई, ''खारघर पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने कहा। उनके खिलाफ खारघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. खारघर इलाके में ड्रग्स की बिक्री के मामले में कई नाइजीरियाई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. उसके बाद भी इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं.

# मालेगांव में सिनेमा हॉल में शाहरुख खान के फैंस ने फोड़े पटाखे, मची अफरा-तफरी



**नासिक :** शाहरुख खान के क्रेजी फैंस ने शुक्रवार की रात मालेगांव के कमलदीप थिएटर में लेटेस्ट ब्लॉकबस्टर रिलीज 'जवान' के शुरू होने के तुरंत बाद पटाखे, सुतली-बम फोड़े और कई रॉकेट भी दागे, जिससे कई दर्शक डर गए। जैसे ही अंदर आतिशबाजी शुरू हुई, थिएटर मैनेजर ने शो रोक दिया और लाइटें चालू कर दीं। कई फैंस सिल्वर स्क्रीन पर शाहरुख की हरकतों पर खुशी से नाचते, ताली बजाते और झूमते देखे गए, जिसके अन्य दर्शकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।दर्शकों में से कई लोगों के बीच लड़ाई-झगड़े व हाथापाई शुरू हो गई। कई दर्शक धुएं और दुर्गंध से भरे सिनेमा हॉल से बाहर निकल गए। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस सिनेमाघर पहुंची और कुछ को हिरासत में लिया। पुलिस ने उन्हें चेतावनी भी दी कि बंद जगहों पर इस तरह से पटाखे फोड़ना गैरकानूनी है।20 मिनट के ब्रेक के बाद फिल्म शो दोबारा शुरू हुआ। 7 सितंबर को दुनिया भर में रिलीज होने के बाद से, शाहरुख की लेटेस्ट फिल्म 'जवान' ने 700 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

# भ्रष्टाचार मामले में सीबीएफसी अधिकारियों के नामों का खुलासा करने के लिए सीबीआई आरोपियों से पूछताछ करेगी...



**मुंबई:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), जिसने मुंबई में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के अधिकारियों और निजी व्यक्तियों से जुड़े रिश्वत मामले में मामला दर्ज किया है, यह पता लगाने के लिए कि उनकी एफआईआर में नामित आरोपी व्यक्तियों से पूछताछ की जाएगी। सीबीएफसी अधिकारियों ने रिश्वत मांगने में उनके साथ मिलीभगत की। सीबीआई आरोपी व्यक्तियों के बैंक खातों में लेनदेन की भी व्यापक जांच करेगी। एजेंसी ने मामले में एम मर्लिन मेनगा, जीजा रामदास, राजन एम, सीबीएफसी के अज्ञात लोक सेवकों और अन्य अज्ञात निजी व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया था।

**सी.बी.आई शिकायत**

सीबीआई के मुताबिक, तमिल और तेलुगु अभिनेता विशाल कृष्णा के मैनेजर जगदीश्वरन के से 3 अक्टूबर, 2023 को एक शिकायत मिली थी। शिकायत में उल्लिखित आरोपों के सत्यापन से पता चला कि सितंबर 2023 में, मेनगा ने हिंदी में डब की गई फिल्म ''मार्क एंटनी'' के लिए सीबीएफसी से आवश्यक सेंसर प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए -7 लाख की रिश्वत लेने के लिए अन्य आरोपियों के साथ एक आपराधिक साजिश रची।.

**सत्ता का दुरुपयोग कर आपराधिक साजिश**

''उक्त आपराधिक साजिश को आगे बढ़ाने के लिए, उसने शुरूआत में सीबीएफसी मुंबई के अधिकारियों की ओर से शिकायतकर्ता से -7 लाख की रिश्वत की मांग की और बाद में बातचीत के बाद उसने जीजा और राजन के दो बैंक खातों में -6.54 लाख स्वीकार किए। इसके बाद 26 सितंबर को, 2023, फिल्म के लिए सीबीएफसी द्वारा आवश्यक प्रमाणपत्र जारी किया गया था। सत्यापन से पता चला कि उपरोक्त उल्लिखित राशि के अलावा, मेनागा ने अपने लिए समन्वय शुल्क के रूप में पीड़ित के खाते से अपने बैंक खाते में -20,000 प्राप्त किए। -6.54 में से लाख, -6.50 लाख तुरंत नकद निकाले गए, ''सीबीआई ने अपनी एफआईआर में कहा था। एजेंसी के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा था कि मुंबई सहित चार अलग-अलग स्थानों पर आरोपियों और आरोपियों से जुड़े अन्य लोगों के परिसरों की तलाशी ली गई, जिससे आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।

# ठाकरे ने अस्पताल में हुई मौतों की सीबीआई जांच की मांग की



**महाराष्ट्र:** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को नांदेड़ जिले में बच्चों और अन्य मरीजों की मौत पर एकनाथ शिंदे सरकार की आलोचना की और घटना की सीबीआई जांच की मांग की। 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नांदेड़ के डॉ. शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 16 बच्चों समेत 35 लोगों की मौत हो गई. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि श्री ठाकरे केवल इसलिए सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं क्योंकि मुंबई में कोविड घोटाले की जांच हो रही है, जो उनके सीएम रहने के दौरान हुआ था। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर और पोस्टिंग को लेकर भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अस्पतालों में दवाओं की कमी है. ''डॉक्टर और स्वास्थ्य प्रणाली, जिन्होंने कोविड महामारी में कुशलता से काम किया और नागरिकों की जान बचाई, अब अक्षम कैसे हो गए?'' पूर्व मुख्यमंत्री ने पूछा.

श्री ठाकरे ने यह भी कहा कि शिंदे सरकार के पास प्रचार करने के लिए तो पैसे हैं लेकिन महाराष्ट्र के मरीजों की जान बचाने के लिए पैसे नहीं हैं. उन्होंने कहा, ''सीआईबी को राज्य सरकार की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।'' उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत और चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ के इस्तीफे की भी मांग की। श्री ठाकरे ने कहा, ''यह मुख्यमंत्री और उनके उपमुख्यमंत्रियों की जिम्मेदारी है कि वे अस्पतालों का दौरा करें और इन मौतों के पीछे के वास्तविक कारण का पता लगाएं।'' श्री ठाकरे के आरोप पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोविड महामारी के दौरान लोग मर रहे थे, तब श्री ठाकरे अपने घर पर नोट गिन रहे थे। श्री शिंदे ने कहा, ''जिन्होंने कोविड के दौरान बॉडी बैग खरीदने में घोटाला किया, ऑक्सीजन प्लांट में भ्रष्टाचार किया, कोविड मरीजों की खिचड़ी के पैसे का गबन किया, वे अब बेनकाब हो रहे हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि ध्यान भटकाने के लिए श्री ठाकरे द्वारा सीबीआई जांच की मांग की जा रही है. महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा कि श्री ठाकरे को स्वास्थ्य प्रणाली पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है क्योंकि उन्होंने कोविड महामारी के दौरान पैसा लूटा है। श्री बावनकुले ने आरोप लगाया, ''उन्हें याद रखना चाहिए कि जब ऑक्सीजन की कमी के कारण मरीजों की मौत हुई थी, तो वह इसके लिए निविदाएं बांटने में व्यस्त थे। उनकी सरकार ने कमीशन के लिए मृतकों के बॉडी बैग को भी नहीं छोड़ा।''

मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com